**NEWS CLIPPING: 05.02.2020**

## HINDUSTAN

# ट्रेडमार्क और कॉपीराइट के महत्व को बताया

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

### कार्यशाला

- स्टार्ट-अप और लघु एवं मध्यम उद्यमों के विषय में जानकारी दी
- विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी, लघु एवं मध्यम उद्यमियों ने हिस्सा लिया

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग और हरियाणा राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद की ओर से गुरुवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें स्टार्ट-अप और लघु एवं मध्यम उद्यमों के विषय में जानकारी दी गई। इसमें विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी, लघु एवं मध्यम उद्यमियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान पेटेंट फाइलिंग प्रक्रिया और उसके विभिन्न पहलुओं के विषय में बताया गया।

कार्यशाला में इंटीग्रेटेड एसोसिएशन ऑफ माइक्रो और मीडियम एंटरप्राइजेज ऑफ इंडिया के चेयरमैन राजीव चावला मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। जबकि इसकी अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने की। वहीं, कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. कोमल कुमार भाटिया और कंप्यूटर अनुप्रयोग विभाग के अध्यक्ष डॉ. अतुल मिश्रा भी उपस्थित थे। इसका समन्वयन डॉ. पारुल तोमर और डॉ. रश्मि पोपली ने किया।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के वैज्ञानिक डॉ. राहुल तनेजा ने ट्रेडमार्क, कॉपीराइट और पेटेंट के महत्व के विषय में जानकारी दी। प्रतिस्पर्धा के दौर में किसी भी व्यवसाय शुरू करने से पहले ट्रेडमार्क या पेटेंट करवाना समझदारी है। इस मौके पर दिल्ली विश्वविद्यालय में बौद्धिक संपदा कानून में सहायक प्रोफेसर डॉ. अश्वनी सिवाल ने भी पेटेंट अधिनियम एवं बौद्धिक संपदा अधिकारों से जुड़े विभिन्न कानूनी पहलुओं तथा पेटेंट मानदंडों के विषय में जानकारी दी गई।



फरीदाबाद स्थित जेसी बोस यूनिवर्सिटी में मंगलवार को कुलपति प्रो. दिनेश कुमार कार्यशाला का दीप जलाकर शुभारम्भ करते हुए। ● हिन्दुस्तान

**NEWS CLIPPING: 05.02.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# डिजिटल लर्निंग के बारे में बताया

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** डिजिटल लर्निंग के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी में आईआईटी मद्रास के सहयोग से प्रौद्योगिकी वर्धक लर्निंग पर आधारित राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका संचालन यूनिवर्सिटी के डिजिटल इंडिया सेल के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के सहयोग से किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य एनपीटीईएल कार्यक्रम व कोर्स के प्रति यूनिवर्सिटी के स्टाफ व अन्य शैक्षणिक संस्थानों को जागरूकता बनाना था। कार्यशाला में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, विभिन्न विभागों के डीन, अध्यक्ष और डिजिटल इंडिया सेल के सदस्य भी उपस्थित थे।



## J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)


**NEWS CLIPPING: 05.02.2020**

**PUNJAB KESARI.COM**

# डिजिटल लर्निंग के माध्यमों के प्रति जागरूक रहें विद्यार्थीः दिनेश कुमार

**फरीदाबाद,** राकेश देव(पंजाब केसरी): मुक्स आनलाइन पाठ्यक्रमों के माध्यम से डिजिटल लर्निंग के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा आईआईटी मद्रास के सहयोग से प्रौद्योगिकी वर्धक लर्निंग पर आधारित राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीटीईएल) पर एक राष्ट्रीय स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन विश्वविद्यालय के डिजिटल इंडिया सेल द्वारा कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के सहयोग से किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य एनपीटीईएल कार्यक्रम और मुक्स पाठ्यक्रम के प्रति विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों को जागरूकता बनाना था। कार्यशाला में

- **प्रौद्योगिकी वर्धक लर्निंग पर आधारित राष्ट्रीय कार्यक्रम पर कार्यशाला का आयोजन**

देशभर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का उद्घाटन कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने किया तथा उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, विभिन्न विभागों के डीन, अध्यक्ष और डिजिटल इंडिया सेल के सदस्य भी उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के महत्व पर बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को डिजिटल



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार व अन्य।

लर्निंग के विभिन्न माध्यमों के प्रति जागरूक रहने तथा स्वायम प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे एनपीटीईएल पाठ्यक्रमों और अन्य पाठ्यक्रमों में रुचि लेने के लिए कहा तथा कार्यशाला की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. कोमल कुमार भाटिया ने मुख्य अतिथि और कार्यशाला के विशेषज्ञ वक्ताओं को पौधा भेंट किया। डिजिटल इंडिया की नोडल अधिकारी डॉ. नीलम दूहन ने प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा कार्यशाला के व्यापक उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा की जा रही विभिन्न डिजिटल पहलों के बारे में भी बताया। आईआईटी मद्रास से एनपीटीईएल समन्वयक प्रो. प्रताप हरिदास और वरिष्ठ परियोजना प्रबंधक एनपीटीईएल भारती बालाजी कार्यशाला में विशेषज्ञ वक्ता रहे। कार्यशाला के दौरान आईआईटी कानपुर की तकनीकी टीम से अजय कनौजिया और वैशाली भी उपस्थित थे। प्रो. हरिदास ने प्रतिभागियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये संबोधित किया और एनपीटीईएल पाठ्यक्रमों पर विस्तार से जानकारी दी। भारती बालाजी ने एनपीटीईएल पर उपलब्ध पाठ्य सामग्री के बारे में बताया। उन्होंने इंजीनियरिंग और विज्ञान संकाय के लिए विशेष रुचिकर पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों को एनपीटीईएल पाठ्यक्रमों और स्वयम-एनपीटीईएल के लोकल चैप्टर की प्रमुख विशेषताओं से अवगत कराया। कार्यशाला में स्वयम-एनपीटीईएल का लोकल चैप्टर शुरू करने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय वर्ष 2017 से स्वयम-एनपीटीईएल पर सक्रिय लोकल चैप्टर है और पिछले चार सेमेस्टर्स के दौरान देश के शीर्ष 100 लोकल चैप्टर में अपनी जगह बनाये हुए है। देश के 4000 लोकल चैप्टर में विश्वविद्यालय को शीर्ष 10 लोकल चैप्टर में दो बार 'एएए' ग्रेड मिल चुका है। कार्यशाला के समापन सत्र में डिजिटल इंडिया सेल की समन्वयक डॉ. अनुराधा ने कार्यशाला की रिपोर्ट तथा धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।


पंजाब केसरी Wed, 05 February 2020
mpaper.punjabkesari.com/c/48690498

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

***(formerly YMCA University of Science and Technology)***

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

**GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)**

**NEWS CLIPPING: 05.02.2020**

# TOP STORY

## J C Bose University organized National Level Workshop on NPTEL




Chandigarh

In order to create awareness about Digital Learning through MOOCs, J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad organized a National Level Workshop on National Programme on Technology Enhanced Learning (NPTEL) in association with NPTEL unit of IIT Madras. The workshop was funded by NPTEL, IIT Madras.

The workshop was coordinated by Digital India Cell of the University in collaboration with Department of Computer Engineering.

The objective of the workshop was to create awareness among faculty members of the University and other academic institutions about NPTEL Programme and MOOC Courses. The workshop was attended by more than 200 participants from various educational institutions across the country.

The workshop was formally inaugurated by Vice-Chancellor Prof. Dinesh Kumar who was the chief guest in the inaugural session. Registrar Dr. Sunil Garg, Deans and Chairpersons of different departments and members of Digital India Cell were also present on this occasion.

Speaking on this occasion, Vice-Chancellor stressed the importance of online courses. He asked the students and faculty members to take interest in NPTEL Courses and other courses being run on the SWAYAM Platform. He extended best wishes for success of workshop.

Dean, Faculty of Informatics and Computing and Chairperson of Computer Engineering Department Dr. Komal Kumar Bhatia welcomed the chief guest and resource persons with plant saplings.

Nodal Officer of Digital India Dr. Neelam Duhan welcomed the participants. She talked about the broad objectives of workshop and highlighted various digital initiatives undertaken by the University.

NPTEL Coordinator from IIT Madras Prof. Prathap Haridoss, and Senior Project Manager NPTEL Ms. Bharthi Balaji were the resource persons in the workshop. Mr. Ajay Kanojia and Ms. Vaishali from technical team of IIT kanpur were also present during the workshop.

Prof. Haridoss addressed the participants though video conferencing and talked about various NPTEL initiatives and polices followed by NPTEL for MOOCs. Ms. Bharathi talked about NPTEL contents and various statistics. She focused on courses which were of particular interest to the Engineering and Science faculty. She apprised the participants about the key features of NPTEL courses and SWAYAM-NPTEL Local Chapter. The process of establishment of local chapter was also discussed in the workshop.

It may be noted that the University is an active local chapter on SWAYAM-NPTEL since 2017 and has sustained its position among the top 100 local chapters in the country in the last four semesters. The University is graded AAA by NPTEL two times for being among top 10 local chapters among 4000 local chapters of the country.

The workshop concluded with full enthusiasm and questionnaire session with the participants. Dr. Anuradha, Coordinator, Digital India Cell summarized the workshop and presented the vote of thanks.

**NEWS CLIPPING: 05.02.2020**

## DAINIK BHASKAR

# यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट नौकरी मांगने के बजाय रोजगार देने में समक्ष बनें : प्रो. दिनेश

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने फरीदाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन और ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में सूक्ष्म, लघु व मध्यम (एमएसएमई) उद्योगों में उत्पादकता, लागत और गुणवत्ता की चुनौतियों विषय पर सेमिनार का आयोजन किया। इसमें उद्योग विशेषज्ञ, शिक्षाविद और स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन की एसएमई टास्क फोर्स के अध्यक्ष डॉ. जेएस जुनेजा और वर्ल्ड यूनियन ऑफ स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज के उपाध्यक्ष तथा फरीदाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय कपूर मौजूद थे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की।